कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा नवम्बर, 2022 माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

I. स्थापना से संबंधित दिशा-निर्देशों/अनुदेशों का संचालन

i. ऐसे अवर श्रेणी लिपिक, जो केन्द्रीय सचिवालय लिपिकीय सेवा (सीएससीएस) से संबंधित नहीं हैं, के संबंध में टंकण परीक्षा पास करने में छूट से संबंधित अनुदेश दिनांक 28.11.2022 को जारी किए गए।

ii. भारत सरकार के खिलाड़ियों के लिए भर्ती/पदोन्नति से संबंधित अनुदेश दिनांक 18.11.2022 को जारी किए गए।

iii. स्टाफ कार चालकों के लिए पदोन्नति स्कीम से संबंधित अनुदेश दिनांक 18.11.2022 को जारी किए गए।

iv. सुनिश्चित कैरिअर प्रगति (एसीपी)/एमएसीपी स्कीम से संबंधित अनुदेश दिनांक 21.11.2022 को जारी किए गए।

v. रोटेशनल स्थानांतरण नीति पर समेकित दिशानिर्देश दिनांक 02.11.2022 के का.ज्ञा. सं. 21/19/2022-सीएस-I (पी) के माध्यम से जारी किए गए थे।

vi. निम्नलिखित चुनावों के दौरान मतदान दिवस पर कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश देने के लिए अनुदेश जारी किए गएः

क) हिमाचल प्रदेश की विधान सभा के लिए आम चुनाव, 2022

ख) ओडिशा, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के छह (06) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों और उत्तर प्रदेश के एक (01) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए उप चुनाव।

ग) गुजरात की विधान सभा के लिए आम चुनाव, 2022

II. चयन एवं नियुक्तियां

i. देश के 45 स्थानों पर 22 नवम्बर, 2022 को वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से **'रोजगार मेला'** भर्ती अभियान के द्वितीय चरण के दौरान 71,056 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए। सचिव, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और माननीय राज्यमंत्री (कार्मिक), बीएसएफ छावला दिल्ली केन्द्र से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने टीवी संबोधन में, माननीय प्रधानमंत्री जी ने वर्चुअल मोड के माध्यम से नियुक्त कार्मिकों को संबोधित किया। .

ii. दिनांक 22.11.2022 को अधिसूचना सं. 39019/21/2022-स्था.(ख) के माध्यम से श्री भरत भूषण व्यास, सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा पदभार को त्याग करने को अधिसूचित किया गया।

iii. दिनांक 25.11.2022 के आदेश सं. 39019/04/2020-स्था.(ख) (भाग-II) के माध्यम से भारत के संविधान के अनुच्छेद 316 के खण्ड (1) के अंतर्गत डॉ. (सुश्री) प्रीति सुदन की संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सदस्य के रूप में नियुक्ति की गई थी।

iv. संयुक्त स्नातक स्तर परीक्षा, 2020 के आधार पर कर्मचारी चयन आयोग द्वारा अनुशंसित 151 उम्मीदवारों के नामांकन स्वीकृत किए गए थे और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से इन उम्मीदवारों की पूर्व-नियुक्ति औपचारिकताएं आरंभ की गईं थीं।

v. अनुभाग अधिकारी/आशुलिपिक सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2018 के नियमों को अंतिम रूप दिया गया और इन्हें दिनांक 09.11.2022 के का.ज्ञा. सं. 06/02/2022-सीएस-I (कार्मिक)-भाग-I के माध्यम से जारी किया गया था।

vi. पन्द्रह (15) प्रशासनिक सदस्यों, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सीएटी) से संबंधित नियुक्ति आदेश जारी किए गए थे।

vii. सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई)-2021 के उम्मीदवारों को सेवा आबंटन की चौथी और पांचवीं पुनरावृत्तियां (इटेरेशन) की जा चुकी हैं, विभिन्न सेवाओं में कुल 654 उम्मीदवारों को उसके द्वारा आबंटित किया गया है।

viii. सीएसई-2021 के आधार पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में आबंटित 180 उम्मीदवारों का संवर्ग आबंटन पूरा हो चुका है।

ix. उत्तर प्रदेश (17), ओडिशा (13), पंजाब (5) और मणिपुर (2) से आईएएस में पदोन्नति द्वारा कुल 37 नियुक्तियों को अधिसूचित किया गया।

x. चार आईएएस अधिकारियों से संबंधित संवर्ग के परिवर्तन के लिए अधिसूचना जारी की गई।

xi. झारखण्ड (40), उत्तराखण्ड (16), उत्तर प्रदेश (17) और महाराष्ट्र (05) की राज्य सिविल सेवा से आईएएस में नियुक्त किए गए 78 अधिकारियों के वरिष्ठता के नियतन/आवंटन के वर्ष के लिए आदेश जारी किए गए।

xii. पीईएसबी, डीओपीटी ने निदेशक के आठ (08) पदों और सीएमडी/अध्यक्ष के चार (04) पदों के लिए विज्ञापन जारी किए। प्रबंध निदेशक (एमडी) के पद के लिए एक (01) चयन बैठक और निदेशकों/सदस्यों के पद के लिए नौ (09) चयन बैठकों के आयोजन किए गए थे।

xiii. माह के दौरान कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने निम्नलिखित परीक्षाएं आयोजित की हैं:

क) मल्टी टॉस्किंग (एनटी) स्टाफ और हवलदार (सीबीआईसी एवं सीबीएन) परीक्षा, 2021 का प्रश्न-पत्र-II (वर्णनात्मक)।

ख) सीएपीएफ और दिल्ली पुलिस परीक्षा, 2022 के सब-इंसपेक्टर का प्रश्न-पत्र-I

ग) कनिष्ठ अभियंता (सिविल, यांत्रिकी, विद्युत और मात्रा सर्वेक्षण और संविदा) परीक्षा, 2022 का प्रश्न-पत्र-I

घ) आशुलिपिक ग्रेड 'ग' एवं 'घ' परीक्षा, 2022 के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा।

इसके अलावा, माह के दौरान एसएससी ने निम्नलिखित परिणाम घोषित किए हैं:

क) सीएपीएफ में कान्सटेबल (जीडी), असम राइफल्स परीक्षा, 2021 में एनआईए, एसएसएफ एवं राइफलमैन (जीडी) का अंतिम परिणाम।

ख) कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक, कनिष्ठ अनुवादक, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक परीक्षा, 2022 का प्रश्न-पत्र-I।

ग) चरण-X/2022 चयन पद परीक्षा (स्नातक एवं ऊपर के स्तर के पद), चरण-X/2022 चयन पद परीक्षा (उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर के पद); चरण-X/2022 चयन पद परीक्षा (मैट्रिक स्तर के पद)।

III. प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास

i. माह के दौरान मिशन कर्मयोगी के विभिन्न पदों के अंतर्गत की गई प्रगति इस प्रकार है:

क) **कर्मयोगी प्रारंभ-** देश भर में 45 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम के भाग के रूप में 22 नवम्बर, 2022 को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा स्व-नेतृत्व और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे व्यवहारात्मक और कार्यात्मक कौशलों पर एक ऑनलाइन प्रवेशन मॉड्यूल का आरंभ किया गया है, जिसमें 71,000 से भी अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं।

ख) **विश्व बैंक** ओपेन लर्निंग कैंपस से **16 पाठ्यक्रम, सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) से 84 पाठ्यक्रम, माइक्रोसॉफ्ट से 10 पाठ्यक्रम** प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित किए गए हैं।

ग) सीमावर्ती राज्य के अधिकारियों के प्रवेशन प्रशिक्षण पर केन्द्रित प्रवेशन प्रशिक्षण मॉड्यूल के लिए 15 व्यापक ऑनलाइन संशोधित मॉड्यूल (कोमिट) को **हिन्दी और तेलुगू** में अनुवाद के साथ आईगॉट प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध कराया गया है।

घ) आईगॉट पाठ्यक्रमों के लिए विषयवस्तु गुणवत्ता ढांचा (फ्रेमवर्क) सभी एमडीओ को भेज दिया गया है। यह ढांचा मानकीकरण का सृजन करने पर केन्द्रित है तथा विविधता एवं समावेश और सतत विकास जैसे कारकों को वरीयता प्रदान करता है।

ङ) उपलब्ध पाठ्यक्रमों की समीक्षा के लिए एसपीवी कर्मयोगी भारत में विषयवस्तु के समर्पित अंतर्वस्तु (टीम) का गठन किया गया है। टीम ने प्लेटफॉर्म पर अपलोड किए गए विभिन्न ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की समीक्षा करना आरंभ कर दिया है। आईएसटीएम द्वारा अपलोड किए गए पाठ्यक्रमों की समीक्षा विषयवस्तु दल (टीम) द्वारा की जा चुकी है।

च) अधिकांश सहायक अनुभाग अधिकारियों (एएसओ) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय के कुछ अनुभाग अधिकारियों (एसओ)/अवर सचिवों (यूएस) सहित सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के 373 प्रतिभागियों के लिए सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) द्वारा अब तक 16 (सोलह) "प्रशासन में समग्र परिवर्तन के लिए अभिवृत्ति ज्ञान एवं कौशल का विकास" (**दक्षता)** कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

छ) क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) के सहयोग से सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) ने सीएसएस/सीएसएसएस संवर्गों के लिए दक्षता कार्यक्रम के अंतर्गत आईगॉट प्लेटफॉर्म पर 10 पाठ्यक्रमों की सूची बनाई है।

ii. क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) ने निम्नलिखित कार्यकलाप आयोजित किए हैं:

क) दिनांक 03.11.2022 को क्षमता विकास आयोग ने आईगॉट कर्मयोगी टीम, इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिडेट और दूरसंचार विभाग (डीओटी) के सहयोग से भारत सरकार में एफआरएसी के प्रभावशाली कार्यान्वयन के लिए अनुभव साझा करने वाले एक सत्र का आयोजन किया। चर्चा सिविल सेवकों के लिए दक्षता मैपिंग और ई-अधिगम के भविष्य की ओर केन्द्रित था।
ख) अध्यक्ष, सीबीसी ने आईएएस अधिकारियों हेतु प्रवेशन कार्यक्रम की समीक्षा के लिए 8-9 नवम्बर, 2022 के दौरान लबासना का दौरा किया।
ग) क्षमता विकास आयोग ने दिनांक 14 नवम्बर, 2022 को कन्ट्री डायरेक्टर अगस्ते लानो कोम के नेतृत्व में विश्व बैंक की भारतीय टीम के साथ एक वार्ता बैठक का आयोजन किया।

IV. सतर्कता मामले

क) संयुक्त सचिव को पैनल में रखने के लिए एक (01) आईएएस अधिकारी को सतर्कता निकासी जारी की गई।
ख) विभिन्न उद्देश्यों अर्थात् अंतर-संवर्ग प्रतिनियुक्ति, स्थानांतरण, परिवीक्षा, इत्यादि के लिए 26 आईएएस अधिकारियों को सतर्कता निकासी जारी की गई।

V. साइबर सुरक्षा

क) दिनांक 02.11.2022 को साइबर जागरुकता दिवस मनाया गया और इस विभाग के कर्मचारियों के लिए एनआईसी द्वारा "साइबर स्पेस में आईटी अधिनियम और आईटी वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम के उपयोग" के संबंध में एक वेबिनार आयोजित किया गया।
ख) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग में प्राथमिकता पर प्रतिस्थापन के लिए 292 डेस्कटॉप कम्प्यूटरों की पहचान की गई है। डीओपीटी, नॉर्थ ब्लॉक में पुराने (आउटडेटेड) ऑपरेटिंग सिस्टम वाले 60 डेस्कटॉप के उपयोग पर रोक लगा दी गई है।